हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

22 मार्च 2025, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जल संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए देश की प्रतिबद्धता दोहराई।
- आज विश्व जल दिवस पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल पंचकूला से देश व्यापी जल शक्ति अभियान: कैच द रेन - 2025 का शुभारंभ किया ।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा वासियों से पानी की एक एक बूंद को बचा कर उसका संरक्षण करने का आह्वान किया।
- हरियाणा की सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि जल शक्ति अभियान ' कैच द रेन जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।
- कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा है कि अप्रैल से हिसार हवाई अड्डे से उड़ान शुरू हो जाएंगी।

************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर जल संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए देश की प्रतिबद्धता दोहराई। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एक वीडियो साझा किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जल, सभ्यताओं की जीवन रेखा रहा है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए इसे संरक्षित करने की आवश्यकता है।

*"हो सकता है, आप अभी जहां हों, वहां पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध, लेकिन आपको करोड़ों लोगों को बीच में याद रखना है जो जल संकट वाले क्षेत्र में रहते हैं। कुंभ से प्रेरणा लेते हुए हमें नदी उत्सव की परंपरा को नया विस्तार देना होगा। इससे वर्तमान पीढ़ी को पानी का महत्व समझ आएगा। नदियों के साफ-सफाई को बल मिलेगा, नदियों की रक्षा हो।"*

***********************************************************************

आज विश्व जल दिवस पर, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने हरियाणा के पंचकूला से देश व्यापी जल शक्ति अभियान: कैच द रेन - 2025 का शुभारंभ किया । यह अभियान जल शक्ति मंत्रालय, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय तथा हरियाणा

सरकार के सहयोग से शुरू किया गया हैइस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा की सिंचाई और जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी और कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।इस अवसर पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने कहा कि जल शक्ति अभियान: कैच द रेन कार्यक्रम का उद्देश्य सामुदायिक भागीदारी और नवीन रणनीतियों के माध्यम से जल संरक्षण और प्रबंधन पर बल देना है।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र ने कैच द रैन की बात की है। सरकार वर्ष जल संचय पर गंभीरता से काम कर रही है। अटल जी के कहे अनुसार भले ही तीसरा विश्व युद्ध पानी के लिए हो, लेकिन भारत को इसमें जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी ।
उन्होंने कहा कि सरकार जल जीवन मिशन के तहत सभी घरों में पीने का शुद्ध पानी दे रही है, जिससे कई जीवन बचाए गए हैं।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने कहा कि हरियाणा एक प्रगतिशील राज्य है। लेकिन जल की समस्या यहां भी है। यहां भी काफी शहर व खंड डार्क जोन में है। जलशक्ति मंत्रालय जल्द ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अटल भूजल योजना को हरियाणा सरकार के साथ मिलकर लागू करेगा। जिससे डार्कजोन वाले क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति को बढ़ाया जा सके ।इस दौरान केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने हरियाणा के मुख्यमंत्री और सिंचाई और जल संसाधन मंत्री के साथ जल संरक्षण पर कलात्मक अभिव्यक्तियों को प्रदर्शित करने वाली एक पेंटिंग और मूर्तिकला प्रदर्शनी का लोकार्पण किया। उन्होंने वैज्ञानिक जल संसाधन प्रबंधन में सहायता करने वाली 'मुख्यमंत्री जल संचय योजना' और हरियाणा के लिए जल संसाधन एटलस का ई-लॉन्च भी किया।हरियाणा में सामुदायिक स्वच्छता परिसर, तरल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली, गोबर धन परियोजना और एक ठोस अपशिष्ट प्रबंधन शेड सहित अभिनव जल प्रबंधन परियोजनाओं का अनावरण भी किया गया ।इसके अलावा उन्होंने नदियों, झरनों और जंगलों के बीच पारिस्थितिकी संबंध को मजबूत करने वाले 'जल-जंगल-जन: एक प्राकृतिक बंधन अभियान' का शुभारंभ भी किया।इस अवसर पर प्रगतिशील किसानों, महिलाओं, जल उपयोगकर्ता संघों , उद्योगों और गैर सरकारी संगठनों को जल संरक्षण में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

*************************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि जल संरक्षण कार्यक्रम एक क्रांति है जिसकी शुरुआत हरियाणा से की गई है। उन्होंने हरियाणा वासियों से पानी की एक एक बूंद को बचा कर उसका संरक्षण करने का आह्वान किया।मुख्यमंत्री आज जल शक्ति अभियान: कैच द रेन - 2025 के हरियाणा से शुभारंभ के अवसर पर संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पानी की कमी को हरियाणा ने महसूस किया है।

प्रदेश वासियों को जल मित्र बनकर जल को बचाने में सहायक बनना है। उन्होंने कहा कि भूजल, जल स्रोतों की सीमाएं भी हैं, इसलिए वर्षा के जल को संभालना सब की जिम्मेदारी है। ''मेरा पानी मेरी विरासत योजना'' का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा -

जल बचाने के लिए किए जा रहे प्रयत्नों पर और प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि किसानों को कम पानी वाली फसलें लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उनकी आर्थिक मदद की जा रही है। साथ साथ तालाबों का जीर्णोद्धार भी किया जा रहा है ।

****************************************************************************

हरियाणा की सिंचाई एवं महिला बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किया गया जल शक्ति अभियान 'कैच द रेन - 2025, जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
पंचकूला में अपने संबोधन में उन्होंने कहा -

श्रीमती चौधरी ने कहा कि हर बूंद अनमोल है और हर प्रयास आवश्यक है। सभी का संयुक्त प्रयास ही इस अभियान की सफलता की कुंजी है। उन्होंने सभी से मिलकर जल बचाने और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित बनाने की अपील की।
****************************************************************************
हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री रणबीर सिंह गंगवा आज कहा कि हिसार हवाई अड्डा पूर्ण रूप से तैयार है और अप्रैल माह में यहां से हवाई उड़ाने शुरू हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे।आज हिसार में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि घरेलू के बाद यहाँ से अंतरराष्ट्रीय उड़ानें भी शुरू होंगी। एक प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा–

श्री गंगवा ने बजट पर भी बात की। उन्होंने कहा कि पिछले साल जारी हुए बजट की तुलना में यह 13.7% अधिक है। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में जो वादे किए गए थे उन्हें भी पूरा किया गया है।उन्होंने कहा कि आवास योजना के लाभार्थियों के लिए पहली किस्त 151 करोड़ रुपए भी जारी किए गए।महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए बजट प्रावधानों पर उन्होंने कहा